

# मोबाईल कोर्ट लगाकर हुई वाहनों की चैकिंग

**42 वाहन चालकों पर हुई कार्यवाही, वसूला समन शुल्क**

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 16 नवम्बर।** जिला मुख्यालय पर मजिस्ट्रेट चैकिंग के रूप में प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती रिचा सिंह राजावत के निर्देशन में मोबाइल कोर्ट लगाया गया। जहां ग्वालियर बायपास चौराहे पर दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक हुई वाहन चैकिंग की इस कार्यवाही में यातायात नियमों की अव्हेलना करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की गई। जिसमें यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 42 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई कर 21500 समन शुल्क वसूला गया। इनमें बिना हेलमेट वाले 20, नाबालिक वाहन चालक के 03, ओवरलोडिंग वाहन के 03, बिना नंबर प्लेट के 04, तीन सवारी के 04, ओवर स्पीड के 02, यातायात नियमों का उल्लंघन वाले 05 एवं खतरनाक रूप से वाहन चलाना वाले एक वाहन चालक का चैकिंग के रूप में कार्यवाही करते हुए चालानी कार्यवाही की गई औ समन शुल्क वसूला गया। इसके साथ ही इन सभी वाहन चालकों को यातायात प्रभारी रणवीर यादव के द्वारा हिदायत दी गई कि यातायात नियमों का पालन करते हुए ही वाहनों का संचालन किया जाए अन्यथा कार्यवाही का यह अभियान आगे भी सतत रूप से जारी रहेगा। इस दौरान उपरोक्त सभी धाराओं में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की गई है। इस दौरान थाना यातायात, कोतवाली, फिजिकल एवं देहात थाने के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

# कार्निवल ऑफ जॉय का आयोजन, तिवारी बने हैरीपॉटर

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 16 नवम्बर।** शहर के ककरवाया स्थित दून पब्लिक स्कूल शिवपुरी में बाल दिवस के अवसर पर कार्निवल ऑफ जॉय का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव शामिल जिन्होंने कहा कि बाल मेले में आयोजित आने वाली गतिविधियां को देखकर ऐसा लगा कि हम अपने बचपन में लौट आए है। जिला शिक्षा अधिकारी श्रीवास्तव ने दक्षिण कोरिया के अनुभव साझा करते हुए वहां की एजुकेशन और हमारे एजुकेशन सिस्टम की तुलना कहते हुए बताया कि हमारे यहां भी काबिल शिक्षक हैं और नवाचार करते हुए शिक्षण कार्य कर रहे हैं। उन्होंने दून पब्लिक स्कूल के स्टाफ मनेजमेंट एवं छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चों को सामाजिक गतिविधियों से जोड़े और उन्हें देश का सक्षम एवं स्वावलंबी नागरिक बनाएं। इस अवसर पर बचपन में मोहल्ले में खेले जाने वाले खेल सितोलिया, गिल्ली डंडा, कंचे, तांगे, घोड़े की सबारी ने मेले को आकर्षक एवं मनोरंजक बना दिया। कार्निवल ऑफ जॉय मेले के स्वागत द्वार पर हैरीपोटर फिल्म पर आधारित प्रयोगशाला एवं जादुई दुनिया का सीन क्रिएट किया था जिसमें वरिष्ठ अधिवक्ता एवं अभिभाषक संघ के अध्यक्ष एड. विजय तिवारी भी इस कॉर्निवाल में शामिल हुए और हैरीपॉटर फिल्म के अभिनय के रूप में पात्र बनकर फोटो सेशन कराया। इसके साथ ही दून पब्लिक स्कूल परिसर में बिरसा मुंडा छतरी परिसर में 150वीं जयंती के अवसर पर महान क्रांतिकारी बिरसा मुंडा को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव ने बिरसा मुंडा को सामाजिक बदलाव एवं अंग्रेजों की गुलामी से मुक्ति के लिए त्याग की प्रतिमूर्ति बताया। इस दौरान संचालक शाहिद खान, डॉक्टर खुशी खान, प्राचार्य अभिषेक शर्मा ने अतिथिगण को बुके एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया।



**प्रतिभागी हुए पुरूस्कृत**

सांस्कृतिक कार्यक्रम में यशिका, अरण्या रघुवंशी, जल पान के स्टॉल में जसकीरत, अमरिंदर, समर, साहिल ने पुरस्कार पाया वहीं गेम्स शो में परीक्षित सुनील पाटिल, निखिल तिवारी विजेता बने, स्टाल कैटिगरी में बेस्ट डेकोरेशन के लिए आरोही राठौर विजेता बने जिन्हें दून पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर शाहिद खान, डॉक्टर खुशी खान ने पुरस्कृत किया।

**देश के विभिन्न राज्यों के स्वाद का मिला आनंद**

मेले में छात्र-छात्राओं एवं उनके पेरेंट्स द्वारा पंजाब, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, दिल्ली, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान सहित उत्तरपूर्व के राज्यों के प्रसिद्ध व्यंजन बनाकर परोसे गए। दर्शकों ने अपनी पसंद के अनुसार भोजन कर बच्चों का मनोबल बढ़ाया। इस महोत्सव में खानपान के स्टाल, झूले, डांस फ्लोर सहित नए पुराने कई खेलों का भी आए लोगों ने लुत्फ उठाया।

## कॉम्बिग गश्त के दौरान वारंटियों के खिलाफ कार्यवाही

**शिवपुरी।** पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ द्वारा कॉम्बिग गश्त लगाकर समस्त थाना प्रभारियो को अधिक से अधिक वारंटियो के पकडने हेतु आदेशित किया गया, जहां अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मूले एवं नगर पुलिस अधीक्षक संजय चतुर्वेदी के मार्ग निर्देशन में बीती शनिवार-रविवार की रात्रि को कोतवाली टीआई कृपाल सिंह राठौड द्वारा थाना क्षेत्र में कॉम्बिंग गश्त लगाकर टीम गठित कर अधिक से अधिक स्थाई वारंट तामील कराये जाने हेतु आदेशित किया गया, टीम व्दारा कॉम्बिग गश्त के दौरान दो स्थाई वारंटी प्रकरण क्रमांक 758/23 के स्थाई वारंट संजय गुप्ता पुत्र रमेशचन्द्र गुप्ता नि.रेल्वे स्टेशन रोड शिवपुरी व प्रकरण क्रमांक 536/21 के स्थाई वारंटी गजराज रावत पुत्र श्रीलाल रावत उम्र 50 साल नि.माधवनगर एवं प्रकरण क्रमांक 05/23 के गिर.वारंटी दिनेश धाकड पुत्र रामदयाल धाकड उम्र 38 साल नि.नमोनगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। इस कार्यवाही में थाना कोतवाली टीआई कृपाल सिंह राठौड, प्र.आर. महेन्द्र दीवान, आर.भरतमिलल यादव, आर. गिर्राज रावत, आर. जितेन्द्र रावत, सैनिक दुबेन्द्र शर्मा, सैनिक रामभरत नरवरिया की विशेष भूमिका रही।

# जंगीपुर में किया बिरसा मुंडा जयंती का आयोजन



नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 16 नवम्बर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नव अंकुर संस्था ग्राम विकास गौशाला समिति जंगीपुर के द्वारा सेक्टर नंबर 3 के चयनित ग्रामों में बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के पर्व पर वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खनियाधाना विकासखंड के ग्राम नया चौराहा, नयागांव स्थान पर विशाल भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति का शिलान्यास किया गया था जो ऐतिहासिक पहल की बात है जहां पर 15 फुट की ऊंचाई की विशाल मूर्ति स्थापित की गई है उक्त आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की पारदर्शिता में नवॉअंकुर संस्थाओं एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर आदिवासी बस्तियों में जाकर कार्यक्रमों में भाग लिया जिसमें रूपा बाई गौशाला फाउंडेशन नगरेला के अध्यक्ष अमोल सिंह द्वारा प्रसाद बितरण कर भगवान बिरसा मुंडा का माल्यार्पण कर आदिवासी भाइयो से गले मिले, कार्यक्रम में नवांकुर संस्था ग्राम विकास गौशाला समिति जंगीपुर से अमर सिंह यादव के द्वारा कार्यक्रम की समीक्षा की गई प्रेम एवं भाईचारा का संबोधन देते हुए कार्यक्रम का समापन हुआ।

## जननी सुरक्षा एंबुलेंस से शराब की तस्करी, छह कर्मचारी बर्खास्त

खरगोन. जिले में जननी सुरक्षा योजना की एंबुलेंस का दुरुपयोग कर शराब तस्करी किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है. चैनपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक एंबुलेंस से 52 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की गई. घटना के बाद सेवा प्रदाता कंपनी ने तत्काल प्रभाव से वेंडर का अनुबंध समाप्त करते हुए छह कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है.

# नाबालिग बालिका को कोटा राजस्थान से किया बरामद

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 16 नवम्बर।** पुलिस थाना बैराड में बीती 22 अक्टूबर को फरियादिया उम्र 40 साल नि. ग्राम ऊंची बरोद ने रिपोर्ट किया कि 21 अक्टूबर के शाम 07 बजे मेरी लड़की उम्र 17 साल 06 माह को अनिल गुर्जर निवासी नयागांव थाना गसवानी जिला श्योपुर का अपने साथ बहला फुसलाकर भगा ले गया है। रिपोर्ट पर थाना बैराड पर अपराध क्रमांक 404/25 धारा 137(2) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत बालिका का दस्तयाब करने हेतु निर्देश दिये गये। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एंव एसडीओपी आनंद राय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बैराड सुरेश शर्मा द्वारा प्रकरण मे अपहृता की तलाश हेतु सायबर सैल से लोकेशन प्राप्त कर टीम तैयार कर कोटा राजस्थान भेजी गई जहां से अपहृता को दस्तयाब किया गया एवं आरोपी अनिल गुर्जर नि. नयागांव थाना गसवानी जिला श्योपुर को गिरफ्तार किया गया है। पूर्व में भी अपहृता को आरोपी अनिल गुर्जर बहला फुसलाकर अपने साथ भगाकर ले गया था जिस पर से पूर्व में भी अपराध क्रमांक 166/25 पंजीबद्ध होकर विवेचना में है। इस कार्यवाही में निरी सुरेश शर्मा, उनि धर्मेन्द्र शिवहरे, सउनि दशरथ सिंह राजपूत, सउनि सत्येन्द्र सिंह भदौरिया, आर.अतर सिंह, आर. रविन्द्र धाकड़, आर् विवेक अग्रवाल, मआर. निशा गौड़ की विशेष भूमिका रही।

**दिल्ली ब्लास्ट के बाद साइबर ठग सक्रिय**

धार. दिल्ली ब्लास्ट की घटना के बाद देशभर में साइबर अपराधियों ने लोगों को ठगने का नया तरीका अपनाना शुरू कर दिया है। ठग अब आम नागरिकों को कॉल कर यह दावा कर रहे हैं कि उनके मोबाइल नंबर या आधार नंबर का इस्तेमाल दिल्ली ब्लास्ट में किया गया है।

# अवैध पैसों की मांग करने वाले आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 16 नवम्बर।** गत दिवस थाना कोतवाली पर 15 नवम्बर को फरियादी रविन्द्र गोयल पुत्र सुरेशचन्द्र गोयल उम्र 49 साल नि.माधवचौक ने आरोपी शनि कुमार बेडिया पुत्र नीलम कुमार बेडिया उम्र 22 साल निवासी ग्राम डाबरपुराथाना गोवर्धन हाल हनुमान मंदिर के पास फतेहपुर शिवपुरी व विधि विरूद्ध बालक उम्र 15 साल व्दारा फरियादी की दुकान में घुसकर गाली गलौच कर रंगदारी कर शराब के लिय पैसो के मांग करने एवं नही देने पर जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट की थी जो फरियादी की रिपोर्ट पर अप.क्र. 713/25 धारा 333, 119(1), 296, 115(2), 351(2), 118(1), 3 (5) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया। अपराध के बारे में वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया जो अपराध की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ द्वारा आरोपीगण की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था जिसके पालन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एंव नगर पुलिस अधीक्षक संजय चतुर्वेदी के मार्ग निर्देशन में कोतवाली टीआई कृपाल सिंह राठौड व्दारा आरोपीगण की गिरफ्तारी करने हेतु टीम बनायी गयी जो टीम व्दारा 15 नवम्बर को शिवपुरी से प्रकरण के आरोपी शनि कुमार बेडिया पुत्र नीलम कुमार बेडिया उम्र 22 साल निवासी ग्राम डाबरपुरा थाना गोवर्धन हाल हनुमान मंदिर के पास फतेहपुर शिवपुरी को गिरफ्तार कर जेल भेजा एवं प्रकरण में एक विधि विरुध्द बालक होने से विधि विरुध्द बालक को बाल न्यायालय पेश किया गया।

# गहोई महासभा के चुनाव में किया बढ़-चढ़कर मतदान

**पांच महत्वपूर्ण पदों के लिए जिले में 71 .83 प्रतिशत हुआ मतदान**

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 16 नवम्बर।** लोकतंत्र के महापर्व के रूप में अखिल भारती गहोई महासभा के भी राष्ट्रीय पदाधिकारियों के लिए आयोजित चुनावी प्रक्रिया में समाजजनों ने बढ़-चढ़कर योगदान दिया और अपने घरों से बाहर निकलकर गहोई वाटिका ग्वालियर वायपासमार्ग पहुंचकर अपने मत का प्रयोग किया। इस दौरान हुए मतदान में समाजजनों के द्वारा शिवपुरी जिले में 71.83 प्रतिशत मतदान हुआ।



जिसमें महिला-पुरूषों ने बड़ी संख्या में अपने मत का प्रयोग किया। इस चुनावी प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए पीठासीन अधिकारी के रूप में यहां रमेश बिलैया, आनंद नीखरा, जितेंद्र गैड़ा, संजीव बड़ेरिया, अनुज नौगरोया, नरेंद्र सेठ के द्वारा चुनावी प्रक्रिया में योगदान दिया गया, इसके साथ ही मतदाता चुनावी पर्ची वितरण एवं पोलिंग एजेंट का जिम्मा समाज के वरिष्ठजन रामसनेही गुप्ता के द्वारा संभाला गया जिन्होंने इस चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने वाले मतदाताओं को पर्ची निकालकर प्रदान की और मतदान के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय गहोई महासभा के इस राष्ट्रीय चुनाव को लेकर मतदान के सफल आयोजन में गहोई समाज सेवा समिति अध्यक्ष राजेन्द्र गुप्ता सेठ, पूर्व अध्यक्ष जयप्रकाश चौधरी, मनोज सोनी, डॉ गिरीश नीखरा, अनिल डेंगरे आदि सहित अन्य समाजजनों ने योगदान दिया। जिले भर के मतदान की इस प्रक्रिया में शिवपुरी जिला मुख्यालय से 421 मतदाताओं में से 258 मतदाताओं ने मतदान किया तो वहीं गुना जिले में 290 में से 150, करैरा के केन्द्रों पर 433 में से 328 एवं 470 में से 331, दिनारा में 373 में 301, पिछोर के दो केन्द्रो 423 में से 337 एवं 386 में से 282, भौंती में 526 में से 361, बामौरकलां में 278 में से 245 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय महामंत्री, राष्ट्रीय मंत्री एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पद के लिए मतदान का प्रयोग किया।

# अग्रवाल आदर्श मातृशक्ति ने बच्चों के साथ मनाया आनंद उत्सव

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 16 नवम्बर।** बाल दिवस के अवसर पर अग्रवाल आदर्श मातृशक्ति संगठन द्वारा बच्चों एवं महिलाओं के लिए रंगारंग कार्यक्रमों और विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी मातृ शक्तियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और बच्चों के साथ मिलकर उत्सव मनाया। प्रतियोगिता परिणामों में महिलाओं की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रूबी अग्रवाल, द्वितीय स्थान रिंकी मंगल और तृतीय स्थान प्रतिमा गर्ग ने हासिल किया। वहीं बच्चों की प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान राघव अग्रवाल के नाम रहा। सभी विजेताओं को संगठन की ओर से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में संगठन की अध्यक्ष रेणु सिंघल, उपाध्यक्ष सुमन अग्रवाल, महामंत्री उषा मंगल, कोषाध्यक्ष सुषमा अग्रवाल, सह-कोषाध्यक्ष रश्मि अग्रवाल, प्रचार मंत्री पूजा अग्रवाल और मीना जैन सहित कार्यकारिणी सदस्य पूजा अग्रवाल, प्रतिमा गर्ग, मनीष सिंगल, संगीता सिंघल, आरती अग्रवाल, ऋतु जैन आदि मातृ शक्तियाँ उपस्थित रहीं।

## सोयाबीन का भावांतर मॉडल रेट 4234 रुपए क्विंटल दर्ज

भोपाल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भावांतर योजना 2025 के तहत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए आज 16 नवंबर को 4234 रुपए प्रति क्विंटल का रेकॉर्डेड मॉडल रेट जारी हुआ है. यह मॉडल रेट उन किसानों पर लागू होगा, जिन्होंने अपनी उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है. इसी आधार पर किसानों को मिलने वाली भावांतर राशि की गणना की जाएगी. सोयाबीन के मॉडल रेट में लगातार वृद्धि देखी जा रही है. 7 नवंबर को जारी पहला मॉडल रेट 4020 रुपए प्रति क्विंटल था. इसके बाद 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, प्रति क्विंटल का रेट दर्ज हुआ था.

# अवैध रूप से डीजल का परिवहन करते दो आरोपी गिरफ्तार

**एक पिकअप वाहन और 12 ड्रम अवैध डीजल किया जब्त**

नवभारत न्यूज

**बदरवास, 16 नवम्बर।** मुखबिर की सूचना पर बदरवास पुलिस ने अवैध डीज़ल के परिवहन की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अनुविभागीय अधिकारी संजय मिश्रा के निर्देशन में चेकिंग के दौरान एक पिकअप वाहन से 12 ड्रम अवैध डीज़ल के ज़ब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। ?नवागत बदरवास थाना प्रभारी रोहित दुबे को मुखबिर से सूचना मिली थी कि हाईवे से अवैध डीज़ल का परिवहन हो रहा है। सूचना मिलते ही निरीक्षक रोहित दुबे ने तत्काल एक्शन लेते हुए ईश्वरी पुल के नीचे पुलिस बल तैनात कर सघन वाहन चेकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान गुना की ओर से आ रही पिकअप वाहन क्रमांक MP 11 G 5904 को रोका, वाहन की तलाशी लेने पर उसमें 12 ड्रमों में डीज़ल जैसा पदार्थ भरा हुआ मिला।



अनुमानित कीमत 9 लाख रुपये,पुलिस के अनुसार ज़ब्त किए गए डीज़ल की अनुमानित कीमत लगभग दो लाख रुपये बताई जा रही है, जबकि वाहन (पिकअप) और डीज़ल सहित कुल ज़ब्ती लगभग नौ लाख रुपये की हुई है। पुलिस ने मौके से वाहन चालक दीपेश उर्फ़ दीपू पुत्र भूरा धाकड़ और धर्मेंद्र पुत्र राजवीर परिहार (उम्र 25 वर्ष, निवासी थाना मोहना) को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया,चेकिंग के दौरान जब चालक से डीज़ल के संबंध में बिल/दस्तावेज़ मांगे गए, तो उसने मे. आर. एस. के. केमिकल ऑइल पेंट, मोहना और सोमानी ऑइल पेंट, सुभाष नगर के सीरियल क्रमांक 43 एवं अन्य बिल दिखाए। पुलिस इन कंपनियों की भूमिका को संदिग्ध मानते हुए मामले की गहन जाँच कर रही है कि यह डीज़ल कहां से लाया जा रहा था और इसका असली स्रोत क्या है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ 3/7 ई. सी. एक्ट, 287 एवं 318 (4) बी एन एस के तहत मामला दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। उपनिरीक्षक रंगलाल मेर, सउनि. राकेश शिवहरे, सउनि. गोपाल बाबू, आरक्षक अनिल सिकरवार, आर. दीपक शर्मा,आर. राजकुमार, आर. गोलू प्रजापति, आर. सदन सिंह एवं आर. चालक दीनू रघुवंशी की प्रमुख भूमिका रही।

# पुलिस ने पकड़ी 24 पेटी देशी शराब, दो आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**करैरा, 16 नवम्बर।** करैरा पुलिस को आज मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि, दो गाडियां जिनमें एक सफेद रंग की बोलेरो व दूसरी सफेद रंग की औरा हुन्डई कार अवैध शराब लेकर अवध होटल तरफ जा रही है। सूचना की तस्दीक हेतु निचरौली तिराहा हाईवे रोड पर पहुंचे तो मुखविर द्वारा बताये हुलिये की दो गाडी आती दिखी जिन्हे फोर्स की मदद से रोका गया तभी ड्रायवर की बगल बाली सीटो पर बैठे व्यक्ति दोनो कारों से कूदकर भाग गये दोनो गाडियो के ड्रायवरो से पकड कर एक एक करके उनका नाम पता पूछा तो बोलेरो गाडी में ड्रायवर सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम सतीश यादव पुत्र अवधलाल यादव उम्र 26 साल निवासी ग्राम टोडा थाना करैरा जिला शिवपुरी का होना बताया जब ड्रायवर सीट पर बैठे व्यक्ति से बगल बाली सीट से भागे व्यक्ति का नाम पता पूछा तो उसने भागे हुए व्यक्ति का नाम मोहन लोधी निवासी दुल्हई का होना बताया उक्त बोलेरो गाडी को चैक किया तो बोलेरो की बीच की सीट पर 04 पेटी बोल्ट कंपनी की बियर तथा 08 पेटी सफेद देशी प्लेन मदिरा कुल 120 बल्क लीटर कीमती 60000/-रू की रखी मिली जिसे विधिवत जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। तथा बोलेरो से थोडा आगे रखी सफेद रंग की औरा कार में ड्रायवर सीट पर बैठे व्यक्ति से नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम उपेन्द्र भार्गव पुत्र मोहन भार्गव उम्र 43 साल निवासी जैन मंदिर के पास भोंती थाना भोंती जिला शिवपुरी का होना बताया ड्रायवर सीट पर बैठे व्यक्ति से बगल बाली सीट से भागे व्यक्ति का नाम पता पूछा तो उसने भागे हुए व्यक्ति का नाम की जानकारी मोहन लोधी निवासी दुल्हई को होना बताया।



एंव उक्त औरा गाडी को चैक किया तो गाडी में 12 पेटी सफेद देशी प्लेन मदिरा कुल 108 बल्क लीटर कीमती 60000/- रूपये रखी मिली जब उपेन्द्र भार्गव से शराब रखने व लाने ले जाने का वैध लायसेंस चाहा तो अपने पास कोई लायसेंस नही होना बताया उक्त कृत्य धारा 34(2) आवकारी एक्ट का होने से आरोपी उपेन्द्र भार्गव के कब्जे से उक्त शराब को विधिवत जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया समस्त आरोपीगण के विरुध्द अपराध क्रमांक 785/25 धारा 34(2) आवकारी एक्ट का पंजीबध्द किया जाकर विवेचना में लिया गया।

# आत्महत्या के लिए प्रताड़ित करने वाले आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**बदरवास, 16 नवम्बर।** आत्महत्या के लिए प्रताड़ित करने के मामले में बदरवास थाना पुलिस द्वारा मर्ग क्र. 51/25 धारा 194 बी.एन.एस.एस की जांच एसडीओपी कोलारस द्वारा की गई, जांच पर से आरोपीगण कांजी भील पुत्र शीकंन भील उम्र 50 साल, दुर्गेश भील पुत्र कांजी भील उम्र 25 साल एवं दो महिला आरोपीगण निवासीगण गदेरा रामपुरी थाना बदरवास के खिलाफ अपराध क्रमांक 308/25 धारा 108, 85 बी.एन.एस की धारा कायम की गई थी।प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमनसिंह राठौड द्वारा आरोपीगणों की धरपकड़ हेतु निर्देश दिये जिसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं अनुविभागीय अधिकारी कोलारस संजय मिश्रा के निर्देशन में थाना प्रभारी बदरवास निरी. रोहित दुबे द्वारा दिनांक 16.11.25 को थाना बदरवास की पुलिस टीम गठित कर आरोपीगण कांजी भील पुत्र शीकंन भील उम्र 50 साल, दुर्गेश भील पुत्र कांजी भील उम्र 25 साल एवं दो महिला आरोपीगण निवासीगण गदेरा रामपुरी थाना बदरवास को गिरफ्तार कर आरोपीगणों को न्यायालय पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेजा गया। उपरोक्त प्रकरण में अनुविभागीय अधिकारी कोलारस संजय मिश्रा के निर्देशन में थाना प्रभारी निरी. रोहित दुबे, सउनि. राकेश शिवहरे, सउनि. सत्येंद सिंह जादौन, सउनि. गोपाल बाबू, सउनि. किरण सोनी, सउनि. रघुवीर सिंह मखेनिया, आर. अनिल सिकरवार, आर. सदन सिंह, आर. चालक दीनू रघुवंशी की मुख्य भूमिका रही।



# अबैध शराब ठिकानों पर दबिश

**शिवपुरी।** शहर में अवैध शराब कारोबार को लेकर जिला आबकारी विभाग शिवपुरी के द्वारा 15 नवम्बर को वृत्त शिवपुरी में बड़ी कार्यवाही की गई है। जिसमें उपायुक्त आबकारी संभागीय उडन्दस्ता ग्वालियर संदीप शर्मा, आबकारी जिला अधिकारी शुभम दांगोड़े के मार्गदर्शन में आबकारी वृत्त प्रभारी तीर्थराज भारद्वाज के द्वारा बंजारों के डेरो, मोंगियों का डेरा सहित अन्य स्थानों पर दबिश देकर कार्यवाही करते हुए अवैध शराब ठिकानों से अवैध शराब बरामद करते हुए 12 प्रकरण दर्ज किए गए।

इनसे 60 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब बरामद करते हुए लहान को मौके पर नष्ट किया गया।

बताना होगा कि कलेक्टर रविन्द्र चौधरी एवं उपायुक्त आबकारी संभागीय उडन्दस्ता ग्वालियर संदीप शर्मा के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी शुभम दांगोड़े के नेतृत्व में जिले के नियंत्रण कक्ष प्रभारी एवं वृत्त शिवपुरी प्रभारी श्री तीर्थराज भारद्वाज के द्वारा शिवपुरी क्षेत्र अंतर्गत आने वाले नोहरीकला बंजारों का डेरा, ग्राम कांकर मोंगियों का डेरा, सतनवाडा सहित आदि क्षेत्रों में दबिश देकर मौके से 60 लीटर हाथ भट्टी शराब ज़ब्त कर 1600 किलोग्राम गुडलहान सैंपल लेकर मौक़े पर नष्ट किया गया। उक्त संपूर्ण कार्यवाहियों में वृत्त प्रभारी डॉ तीर्थराज भारद्वाज, आदि रहे मोजूद।

# फिटनेस व सुरक्षा जागरूकता का संदेश देते खेलों व मास ड्रिल डिस्प्ले का आयोजन

**शिवपुरी।** खेल न केवल स्वास्थ्य अपितु शारीरिक रूप से फिट, सक्रिय जीवनशैली व समग्र विकास के लिए अनिवार्य है। खेल बच्चों की स्वाभाविक प्रक्रिया है। भिन्न-भिन्न आयु वर्ग के बच्चे, विभिन्न प्रकार के खेल खेलते हैं जिससे बच्चों का शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं नैतिक विकास होता है इसी बात को ध्यान में रखते हुए रविवार को हैप्पीडेज प्रांगण में प्रातः 10 बजे बड़े हर्षोल्लास के साथ मास ड्रिल डिस्प्ले का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ राघवेन्द्र शर्मा (पूर्व अध्यक्ष बाल अधिकार संरक्षण आयोग, म.प्र. शासन) विद्यालय संचालिका श्रीमती गीता दीवान, श्री अरविन्द लाल दीवान, अर्जुन लाल दीवान, प्राचार्या श्रीमती अंजु शर्मा, विद्यालय प्रबंधन, पैरेन्ट्स एसोसिएशन, शहर के गणमान्य नागरिक, शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारम्भ छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत के साथ हुआ, तत्पश्चात किण्डर गार्डन व यू.के.जी. के नन्हें मुन्ने बच्चों ने हॉकी ड्रिल व क्रिकेट ड्रिल, कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों ने स्टार ड्रिल, फ्लॉवर, स्टिक ड्रिल, हुला हूप ड्रिल के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुतियों देकर दर्शकों का मन मोह लिया। कक्षा 6 के बच्चों ने योगा व कराटे में अपना सराहनीय प्रदर्शन किया।